प्रस्ताव

53 राजस्व बांड। राज्यव्यापी मतदाता अनुमोदन। पहल सांविधानिक संशोधन।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

- यदि बांड राशि $2 अरब से अधिक है तो कुछ परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा किसी भी बांड को जारी किए जाने या बेचे जाने से पहले राज्यव्यापी मतदाता अनुमोदन आवश्यक करता है।
- ऐसी हर उस परियोजना पर लागू होता है जो राज्य द्वारा, या राज्य एवं संघीय सरकार के अभिकरण, अन्य राज्य, और/या किसी स्थानीय सरकार के बीच गठित किसी संयुक्त अभिकरण द्वारा वित्तपोषित, के स्वामित्वाधीन, द्वारा संचालित या प्रबंधित है।
- राज्यव्यापी मतदाता अनुमोदन की आवश्यकता से बचने के लिए परियोजना को कई परियोजनाओं में विभाजित करना प्रतिबंधित करता है।

विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:

- राज्य एवं स्थानीय सरकारों पर वित्तीय प्रभाव अज्ञात है और वह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी परियोजनाएं इस उपाय द्वारा प्रभावित होती हैं, उन्हें मतदाताओं द्वारा अनुमोदित किया जाता है या नहीं, और सरकारी अभिकरणों द्वारा कार्यान्वित किसी वैकल्पिक परियोजना या गतिविधि की लागत मूल परियोजना प्रस्ताव से अधिक या कम हैं अथवा नहीं।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

पृष्ठभूमि

राज्य नकद और उधारी का प्रयोग करके बुनियादी सुविधाओं के प्रोजेक्ट के लिए भुगतान करता है। राज्य विभिन्न प्रकार के बुनियादी सुविधाओं के प्रोजेक्ट जैसे पुल, बांध, जेल, और कार्यालयों की इमारतों का निर्माण करता है। कुछ मामलों में, राज्य प्रति वर्ष प्राप्त कर राजस्व का प्रयोग करके आपके द्वारा उपयोग करने के अनुसार भुगतान करने के आधार पर भुगतान करता है। अन्य मामलों में, राज्य प्रोजेक्ट के लिए विशेषतर बड़े प्रोजेक्ट के लिए भुगतान हेतु धन उधार लेता है।

राज्य बॉण्ड्स का प्रयोग करके धन उधार लेता है। निवेशकों को बॉण्ड्स बेचकर धन उधार लेना राज्य का प्रमुख तरीका है। कुछ समय बाद, राज्य इन निवेशकों को वापस ब्याज सहित भुगतान करता है। राज्य मुख्यतः दो प्रकार के बॉण्ड बेचता हैः जनरल ऑब्लिगेशन बॉण्ड तथा राजस्व बॉण्ड्स। राज्य आय और बिक्री करों से निधिकृत स्टेट जनरल फंड का प्रयोग करके जनरल ऑब्लिगेशन बॉण्ड्स को चुकाता है। इसके विपरीत, राज्य आमतौर पर प्रोजेक्ट के प्रयोक्ताओं द्वारा भुगतान किए गए शुल्क या अन्य प्रभार (जैसे पुल के टोल) से राजस्व का प्रयोग करके राजस्व बॉण्ड्स को अदा करता है। आकृति 1 दिखाती है कि कैसे राजकीय राजस्व बॉण्ड आमतौर पर कार्य करता है। (बॉण्ड्स के राज्य के उपयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इस मतदाता निर्देशिका में बाद में "राजकीय बॉण्ड्स ऋण का सूक्ष्म विवरण" देखें।)

राजकीय राजस्व बॉण्ड्स के लिए मतदाता की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। California संविधान के तहत, प्रोजेक्ट के लिए स्टेट जनरल ऑब्लिगेशन बॉण्ड्स का प्रयोग करने से पहले राज्य को इसकी मतदाता द्वारा मंजूरी की जरूरत होती है। राज्य के मौजूदा कानून के तहत राजकीय राजस्व बॉण्ड्स को मतदाता की मंजूरी की जरूरत नहीं होती है।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

आकृति 1

राज्य का राजस्व बॉण्ड्स कैसे कार्य करता है



प्रस्ताव

कुछ राजकीय राजस्व बॉण्ड्स के लिए मतदाता की मंजूरी अपेक्षित होती है। विधेयक को राजस्व बॉण्ड्स की राज्यव्यापी मतदाता मंजूरी की जरूरत है जो निम्नलिखित सभी शर्तों को पूरा करे:

- ***राज्य राजस्व बॉण्ड्स बेचता है।*** राजस्व बॉण्ड्स राज्य के साथ-साथ कुछ एसोसिएशन्स जिन्हें राज्य बनाता है या जिनमें राज्य सदस्य है, बेचे जाते हैं। राज्यव्यापी मतदान की जरूरत शहरों, देशों, स्कूलों, समुदाय के कॉलेजों, तथा विशेष जिलों द्वारा बॉण्ड्स की बिक्री पर लागू नहीं होती है।
- ***राज्य के प्रोजेक्ट के लिए बॉण्ड्स की बिक्री*** राजस्व बॉण्ड्स उस प्रोजेक्ट के लिए बेचे जाते हैं जो राज्य द्वारा निधिकृत हो, स्वामित्व में हो, प्रचालित, या प्रबंधित हो। विधेयक में मतदाता की मंजूरी से बचने के लिए एकल प्रोजेक्ट को अनेक प्रोजेक्ट्स में विभक्त होने से रोकने के लिए प्रावधान भी मौजूद हैं।
- ***$2 बिलियन से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए बॉण्ड्स।*** कुल $2 बिलियन से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए राजस्व बॉण्ड्स की बिक्री। विधेयक के तहत, इस राशि को प्रति वर्ष मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किया जाएगा।

प्रस्ताव 53 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 123।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

राजकोषीय प्रभाव

विधेयक के राज्य तथा स्थानीय सरकारों पर राजकोषीय प्रभाव अज्ञात हैं। इसकी संभावना नहीं है कि ऐसे बहुत से बड़े प्रोजेक्ट्स हो जो विधेयक की मतदाता की मंजूरी संबंधी जरूरत द्वारा प्रभावित हो सकते हों। तथापि, प्रभावित हुए प्रोजेक्ट्स के लिए, राजकोषीय प्रभाव राज्य, स्थानीय सरकारों द्वारा की गयी कार्रवाई के प्रकार, तथा मतदाताओं द्वारा इस विधेयक की मतदान संबंधी जरूरत के लिए प्रतिक्रिया करने पर निर्भर करता है।

विधेयक द्वारा सापेक्ष रूप से कुछ प्रोजेक्ट्स को शामिल करने की संभावना

कुछ प्रोजेक्ट्स लागत $2 बिलियन से अधिक। सापेक्ष रूप से कुछ राज्य के प्रोजेक्ट्स विधेयक की मतदाता की मंजूरी के लिए $2बिलियन की जरूरत को पूरा करने के लिए काफी बड़े होने की संभावना है। राज्य के दो प्रोजेक्ट्स जो $2 बिलियन से अधिक के हैं तथा राजस्व बॉण्ड्स कर सकते हैं वे हैं (1) California "WaterFix" प्रोजेक्ट, जो Sacramento-San Joaquin नदी के डेल्टा से होते हुए पानी को ले जाने के लिए दो सुरंगों को बनाएगा; तथा (2) California हाइ-स्पीड रेल प्रोजेक्ट। यह संभव है कि भविष्य में अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स, जैसे पुल, बांध, या हाइवे टोल रोड प्रभावित हो सकते हैं।

यह अनिश्चित है कि कौन से प्रोजेक्ट्स प्रभावित होंगे। जबकि इसकी संभावना नहीं है कि विधेयक द्वारा बहुत अधिकसंख्या में प्रोजेक्ट्स काफी अधिक प्रभावित होंगे, लेकिन कौन से प्रोजेक्ट्स प्रभावित होंगे इसके बारे में कुछ अनिश्चितता है। यह इसलिए है क्योंकि विधेयक "प्रोजेक्ट" को परिभाषित नहीं करता है परिणामस्वरूप, अदालतों और राज्य को इसके बारे में निर्णय लेना होगा कि वे किसको एकल प्रोजेक्ट मानें। उदाहरण के लिए, कुछ मामलों में एकल इमारत (जैसे अस्पताल) के रूप में संकुचित रूप में परिभाषित एक प्रोजेक्ट हो सकता है। अन्य मामलों में, एक प्रोजेक्ट एक अपेक्षाकृत बड़े कंप्लेक्स में अनेक इमारतों (एक मेडिकल सेंटर के समान) सहित के रूप में अधिक व्यापक रूप से परिभाषित हो सकता है। अधिक विस्तृत परिभाषा का परिणाम अधिक प्रोजेक्ट्स के $2 बिलियन की जरूरत को पूरा करने के रूप में हो सकता है, इस प्रकार मतदाता की मंजूरी अपेक्षित होगी।

सरकारी एजेंसियां तथा मतदाताओं की प्रतिक्रिया लागतों को कैसे प्रभावित करेगी

सरकार और मतदाता अलग-अलग कार्रवाइयां कर सकते हैं। जब एक प्रस्तावित प्रोजेक्ट मतदाता की मंजूरी के लिए इस विधेयक की जरूरतों को पूरा करता है, तो सरकारें तथा मतदाता अलग-अलग तरीकों से प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं। ये प्रतिक्रियाएं, बदले में, राजकोषीय प्रभाव सुनिश्चित करेंगे, यदि इस विधेयक के कोई हैं:

- दूसरी तरफ, यदि राज्य ने चुनाव करवाया तथा मतदाताओं ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी, तो राज्य राजस्व बॉण्ड्स का उपयोग करके योजना के अनुसार प्रोजेक्ट को आगे जारी रख सकता है। परिणामस्वरूप, इस विधेयक से थोड़ा राजकोषीय प्रभाव पड़ेगा।
- दूसरी तरफ, यदि मतदाताओं ने प्रोजेक्ट को अस्वीकृत कर दिया या राज्य इस विधेयक द्वारा अपेक्षित के अनुसार चुनाव न कराने को चुनता है, तो राज्य प्रोजेक्ट के लिए राजस्व बॉण्ड्स का प्रयोग करने में सक्षम नहीं होगा। राजस्व बॉण्ड्स की सुलभता के बिना, राज्य तथा/अथवा स्थानीय सरकारें प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए अन्य कार्रवाइयां कर सकती हैं जोकि प्रोजेक्ट पर ध्यान देने के लिए अभीष्ट थी। वे (1) बड़े प्रोजेक्ट को अन्य अपेक्षाकृत छोटे प्रोजेक्ट्स से प्रतिस्थापित कर सकती हैं, (2)

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

अन्य गतिविधियां कर सकती हैं जो प्रोजेक्ट की जरूरत को कम कर दे, अथवा (3) परियोजना के लिए भुगतान हेतु राजस्व बॉण्ड्स का प्रयोग करने के स्थान पर अन्य तरीके तलाश सकती हैं। इन कार्रवाइयों का परिणाम या तो उच्चतर या निम्नतर शुद्ध लागतों के रूप में हो सकता है जोकि इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकारों ने विशिष्ट विकल्पों को कैसे जारी रखा तथा उन्होंने मूल प्रोजेक्ट के प्रस्ताव की तुलना कैसे की।

कुछ कार्रवाइयों के परिणाम उच्चतर लागतों के रूप में हो सकते हैं। इस विधेयक के प्रति सरकार और मतदाता की कुछ प्रकार की प्रतिक्रिया के परिणाम राज्य तथा स्थानीय सरकारों के लिए उच्चतर लागतों के रूप में हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ मामलों में राज्य तथा स्थानीय सरकारों के लिए राज्य के लिए मूल बड़ा प्रोजेक्ट बनाने की तुलना में अनेक अपेक्षाकृत छोटे प्रोजेक्ट्स को पूरा करना अधिक खर्चीला हो सकता है यह हो सकता है, यदि प्रोजेक्ट का उन चिंताओं को हल करने का अधिक दक्ष तरीका हो जिनको प्रोजेक्ट ने संबोधित किया था।

राज्य भी राजस्व बॉण्ड्स के अलावा भिन्न तरीके से निधिकरण कर सकता है जोकि अधिक खर्चीला हो सकता है। उदाहरण के लिए, राज्य निजी कंपनी के साथ साझेदारी कर सकता है जो प्रोजेक्ट के निधिकरण के लिए बॉण्ड्स बेचेगी। तब राज्य को वापस निजी कंपनी को भुगतान करना होगा। इसका परिणाम राज्य के लिए उच्चतर लागतों के रूप में हो सकता है क्योंकि निजी कंपनी को प्रोजेक्ट पर लाभ कमाने की जरूरत होगी। इसके अलावा, निजी कंपनी संभवतः राज्य की तुलना में उच्चतर ब्याज दरों का भुगतान करेगी। निजी कंपनी द्वारा इन उच्चतर उधार लेने की लागतों को राज्य पर पारित करने की संभावना होगी।

जारी

कुछ कार्रवाइयों के परिणाम निम्नतर लागतों के रूप में हो सकते हैं। अन्य प्रकार की प्रतिक्रियाओं के परिणाम राज्य और स्थानीय लागतों के निम्नतर होने के रूप में हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, राज्य और स्थानीय सरकारें मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का बेहतर प्रयोग करने के लिए तरीके तलाश सकती हैं। उदाहरण के लिए, स्थानीय जल एजेंसियां जल संरक्षण के उपाय कार्यान्वित कर सकती हैं, जो और अधिक जल प्रदान करने के लिए नए बांध या अन्य प्रोजेक्ट्स के निर्माण की जरूरत को कम कर सकते हैं। यदि इन प्रकार का कार्रवाइयों से मौजूदा बुनियादी सुविधाएं राज्य की जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरी हो सकती है, तो नए प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए धन को खर्च न करने की जरूरत होने से बचत होगी।

राज्य भी राजस्व बॉण्ड्स का प्रयोग करने के बजाय अन्य तरीके से प्रोजक्ट के लिए धन की व्यवस्था कर सकता है जो अपेक्षाकृत सस्ता हो। उदाहरण के लिए, राज्य जनरल ओब्लिगेशन बॉण्ड्स का उपयोग करके धन उधार ले सकता है। जबकि स्टेट जनरल ओब्लिगेशन बॉण्ड्स के लिए मतदाता की मंजूरी अपेक्षित है, फिर भी इसमें बचत होगी क्योंकि उनकी ब्याज दर राजस्व बॉण्ड्स के अपेक्षाकृत कम है।

इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।

प्रस्ताव 53 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 123।